# आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति

JAN TO MARCH 02/04/2026

# Quarterly News Letter

**बदलाव की ओर कदम: जनवरी–मार्च 2026 की झलक**

| | |
|---|---|
| **एक नज़र में** | • **अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष कार्यशाला**<br>सहकारिता के महत्व एवं सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।<br>• **कृषि एवं ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण**<br>समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला को बहुउद्देशीय कृषि मॉडल के रूप में विकसित करते हुए किसानों को आधुनिक कृषि, पशुपालन और तकनीकी प्रशिक्षण से जोड़ा गया।<br>• **वृद्धाश्रम का शुभारंभ**<br>जरूरतमंद बुजुर्गों के लिए सुरक्षित आवास, देखभाल एवं सहयोग प्रदान करने हेतु वृद्धाश्रम की शुरुआत की गई।<br>• **पुलिस-पब्लिक मैत्री फुटबॉल प्रतियोगिता**<br>पुलिस एवं आम जनता के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए मैत्रीपूर्ण खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई।<br>• **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं महिला सम्मान समारोह**<br>महिलाओं के योगदान को सम्मानित करते हुए उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया गया। |

## *नावाडीह कृषक पाठशाला में सहकारिता वर्ष पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित*

नावाडीह कृषक पाठशाला परिसर में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया, जिसमें किसानों, एफपीओ एवं पैक्स प्रतिनिधियों को सहकारिता के महत्व, वित्तीय सशक्तिकरण तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कृषि एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डीडीएम नाबार्ड बोकारो फिलमोन बिलुंग ने पैक्स के कंप्यूटरीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए पारदर्शिता एवं त्वरित सेवाओं के महत्व को रेखांकित किया, वहीं राज्य सहकारिता बैंक, फुसरो शाखा के प्रबंधक आशुतोष तिवारी ने बैंकिंग




सेवाओं, ऋण वितरण एवं बीमा योजनाओं की जानकारी साझा की। आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के

Secretary
Adarsh Gram Vikas Sewa Samiti
Bokaro (Jharkhand)

सचिव बासुदेव शर्मा ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने के लाभ बताते हुए किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों की ओर प्रेरित किया। इस कार्यशाला के माध्यम से किसानों को केसीसी, फसल बीमा, सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन एवं सुकन्या समृद्धि जैसी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु जागरूक किया गया।

## *गिरिडीह एवं जमशेदपुर टीआई कार्यालय में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित*

गिरिडीह एवं जमशेदपुर स्थित टीआई कार्यालय में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परियोजना निदेशक श्री बासुदेव शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता श्री कृष्ण मुरारी शर्मा, आईसीटीसी काउंसलर डॉ. रामचंद्र सिंह एवं प्रोजेक्ट मैनेजर पंकज शर्मा ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान सभी कर्मचारियों के मासिक लक्ष्य एवं उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा जनवरी 2026 के लिए कार्ययोजना पर चर्चा कर उसे अंतिम रूप दिया गया। परियोजना निदेशक श्री बासुदेव शर्मा ने टीम को संबोधित करते हुए टीमवर्क, समय पर रिपोर्टिंग एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया। बैठक में प्रोग्राम मैनेजर मुस्तकीम, सरिता कुमारी, झरना कुमारी सुहागिनी मरांडी सहित सभी आउटरीच वर्कर्स (ORWs), पीयर एजुकेटर्स एवं अन्य टीम सदस्य उपस्थित रहे।






## *नावाडीह में आदर्श वृद्धा आश्रम का भव्य उद्घाटन, बुजुर्गों की सेवा को बताया सच्ची समाज सेवा*

बोकारो के नावाडीह में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति द्वारा आदर्श वृद्धा आश्रम का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। महिला बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष बेबी देवी, प्रखंड प्रमुख पूनम देवी, जिला परिषद सदस्य फुलमती देवी एवं मुखिया किरण देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर आश्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में बेबी देवी ने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश में संयुक्त परिवार व्यवस्था कमजोर होने से कई बुजुर्ग उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं, ऐसे में यह आश्रम उनके लिए संजीवनी का कार्य करेगा। अन्य अतिथियों ने भी बुजुर्गों के अनुभव एवं मार्गदर्शन को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए इस पहल की सराहना की और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

Secretary
Adarsh Gram Vikas Sewa Samiti
Bokaro (Jharkhand)

**ADARSH GRAM VIKAS SEWA SAMITI**
**Contact No :- 9430104148, Email id :- agvssbok@gmail.com, Website :- https://agvssbok.org/**
**Adress :- Vill+PO+PS – Nawadih, Dist :- Bokaro, Jharkhand - 829144**

संस्था के सचिव बसुदेव शर्मा ने जानकारी दी कि आश्रम में 60 वर्ष से अधिक आयु के असहाय एवं निराश्रित बुजुर्गों के लिए आवास, पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता एवं देखभाल की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि आश्रम का उद्देश्य केवल आश्रय प्रदान करना नहीं, बल्कि बुजुर्गों को पारिवारिक वातावरण देना है, जहां वे सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें। भविष्य में यहां स्वास्थ्य शिविर, योग, मनोरंजन एवं सामाजिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने आश्रम परिसर का निरीक्षण कर संस्था के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं बुजुर्ग उपस्थित रहे।





## *नावाडीह कृषक पाठशाला में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण, राष्ट्रीय एकता का संकल्प*

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के तत्वावधान में नवाडीह स्थित कृषक पाठशाला परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के सचिव बसुदेव शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख पूनम देवी, जिला परिषद सदस्य फुलमती देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, प्रीति कुमारी, जयलाल महतो, पूर्व प्रमुख मोहन महतो, साधु महतो, हरेंद्र नायक, संजय सिंह, अनवर अंसारी, राजू महतो, गणेश नायक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से स्मरण किया तथा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लिया।



Secretary
Adarsh Gram Vikas Sewa Samiti
Bokaro (Jharkhand)

## *आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति की बोर्ड बैठक संपन्न*



आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति की तृतीय बोर्ड बैठक संस्था के कार्यालय में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक प्रतिवेदन, ऑडिट रिपोर्ट सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संस्था की रणनीतिक योजना के अनुरूप आगामी एक वर्ष की कार्ययोजना एवं नीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सभी बोर्ड सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए संगठन के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों को और मजबूत बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी एवं ठोस कदम उठाए जाएंगे, ताकि समाज के अंतिम पंक्ति तक विकास का लाभ पहुँच सके।

## *पिलपिलो स्टेडियम में पुलिस-पब्लिक मैत्री फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ*



ऊपरघाट (बोकारो) के पिलपिलो स्थित तारकेश्वर महतो ग्रामीण स्टेडियम में बोकारो पुलिस एवं आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय पुलिस-पब्लिक मैत्री सदभावना फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार हेंब्रम, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, समाजसेवी जयनारायण महतो एवं समिति के सचिव बासुदेव शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन से पूर्व कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, नावाडीह की छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वक्ताओं ने खेल को अनुशासन, टीम भावना एवं सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाला बताते हुए युवाओं को नशामुक्ति एवं सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में सहरिया टीम



Secretary
Adarsh Gram Vikas Sewa Samiti
Bokaro (Jharkhand)

ने पिलपिलो को 3–0 से हराया, जबकि दूसरे मैच में गोड़गड़वा ने कंचनपुर को 1–0 से पराजित किया। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल 12 फरवरी एवं फाइनल 13 फरवरी को खेला जाएगा, जिसमें विजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## *नावाडीह में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मान समारोह, महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर*

बोकारो के नावाडीह प्रखंड स्थित कृषक पाठशाला सभागार में नाबार्ड बोकारो एवं आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह महिला सम्मान समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पूनम देवी, जिला परिषद सदस्य फुलमती देवी, नाबार्ड के डीडीएम फिलमोन बिलुंग, मुखिया किरण देवी एवं सचिव बासुदेव शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सभी अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली लगभग 30 महिलाओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम में गौरव का माहौल बना रहा।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, आत्मनिर्भरता एवं समाज निर्माण में उनकी अहम भूमिका पर जोर दिया। प्रखंड प्रमुख पूनम देवी ने महिलाओं से दहेज प्रथा के खिलाफ संकल्प लेने की अपील की, वहीं जिला परिषद सदस्य फुलमती देवी ने महिला अधिकार, समानता एवं सामाजिक सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। नाबार्ड के डीडीएम फिलमोन बिलुंग ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयासों की जानकारी दी। संस्था के सचिव बासुदेव शर्मा ने बताया कि संस्था वर्ष 2009 से महिलाओं को समूहों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है।



समारोह के दौरान बच्चियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया और पूरे वातावरण को उत्साह एवं आनंद से भर दिया। कार्यक्रम में महिला समूहों की सक्रिय भागीदारी देखने को

Secretary
Adarsh Gram Vikas Sewa Samiti
Bokaro (Jharkhand)

मिली तथा बड़ी संख्या में महिलाएं, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिलाओं ने शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का सामूहिक संकल्प लिया।

## *नावाडीह कृषक पाठशाला की समीक्षा बैठक आयोजित, अधिकारियों ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश*

नावाडीह कृषक पाठशाला की समीक्षा बैठक बोकारो उपायुक्त कार्यालय मे आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के सचिव बासुदेव शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बोकारो के उप विकास आयुक्त (DDC), जिला कृषि पदाधिकारी एवं डीएलएमसी (DLMC) के अन्य सदस्य भी शामिल हुए। इस दौरान कृषक पाठशाला के संचालन, किसानों की भागीदारी, प्रशिक्षण गतिविधियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानों को कृषक पाठशालाओं से जोड़ा जाए तथा उन्हें आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों की व्यवहारिक जानकारी दी जाए।



बैठक में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, कैश क्रॉप एवं उन्नत फसलों को बढ़ावा देने, साथ ही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित निगरानी पर विशेष जोर दिया गया। सचिव बासुदेव शर्मा ने संस्थागत प्रयासों को मजबूत करते हुए किसानों के हित में बेहतर समन्वय, समयबद्ध कार्य निष्पादन एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने कृषक पाठशालाओं को ग्रामीण कृषि विकास का सशक्त मंच बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

## *बोकारो उपायुक्त के निर्देश पर नावाडीह कृषक पाठशाला का निरीक्षण, मॉडल केंद्र बनाने पर जोर*

नावाडीह में बोकारो उपायुक्त के निर्देश पर आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति द्वारा संचालित समेकित बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला का जिला कृषि पदाधिकारी मो. शाहिद, नाबार्ड के डीडीएम फिल्मोन बिलुंग एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार हेम्ब्रम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लगभग 15 एकड़ में विकसित इस केंद्र में मछली पालन, बतख पालन, फलदार पौधारोपण, उच्च मूल्य की खेती, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, मुर्गी शेड, सुकर शेड, गोदाम, पैक हाउस तथा सोलर ड्रिप इरिगेशन जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने इसे किसानों के लिए एक समेकित प्रशिक्षण केंद्र बताते हुए आधुनिक तकनीकों के माध्यम से आय वृद्धि एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

Secretary
Adarsh Gram Vikas Sewa Samiti
Bokaro (Jharkhand)

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्देश दिया कि नावाडीह कृषक पाठशाला को राज्य स्तर पर एक मॉडल केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। नाबार्ड के डीडीएम फिल्मोन बिलुंग ने इसे किसानों के लिए उपयोगी एवं योजनाबद्ध पहल बताते हुए इसकी सराहना की, वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। संस्था के सचिव बासुदेव शर्मा ने कहा कि योजना के अंतर्गत सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं और इसे राज्य ही नहीं, अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणादायक मॉडल बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि किसान यहां से नई तकनीक सीखकर लाभान्वित हो सकें।





## News Paper Clips



# नावाडीह : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन

प्रतिनिधि ,नावाडीह

प्रखंड के कृषक पाठशाला सभागार में सोमवार को नाबार्ड बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति नावाडीह के द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सह महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पुनम देवी, जिप सदस्य फुलमती देवी, नाबार्ड बोकारो के डीडीएम फिल्मोन बिलुंग, मुखिया किरण देवी एवं सचिव बासुदेव शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया . समारोह में सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली दर्जनो महिलाओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. मौके पर प्रखंड प्रमुख पूनम देवी ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र मे अपना कदम बढ़ाकर अपनी पहचान बना रही है. गांव पंचायत के विकास से लेकर स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनकर घर की गरीबी मिटाने मे महिलाएं अहम भूमिका अदा कर रही है राज्य की हेमन्त सोरेन की सरकार भी महिलाओ को आगे बढाने के लिए विभिन्न माध्यमों से मजबुत करने का काम कर रही है.कहा कि महिला दिवस पर सभी महिलाएं संकल्प ले कि समाज मे फैली दहेज प्रथा को मिटाने के लिए जो भी दहेज की मांग करेगा उसके घर बेटी का विवाह नही करेगे.वही जिला परिषद सदस्या फूलमती देवी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिला अधिकार आंदोलन का एक बड़ा हिस्सा है, जो लैंगिक समानता, प्रजनन अधिकार और महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार जैसे मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करता है.नाबार्ड बोकारो के डीडीएम फिल्मोन बिलुंग ने कहा कि नाबार्ड के द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता प्रदान की जा रही है. स्वयं सहायता समूहों को सशक्त कर उन्हें स्वरोजगार, कृषि आधारित गतिविधियों तथा लघु उद्योगों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है. कहा कि महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण से ही समाज और गांव का समग्र विकास संभव .समारोह में समाज के लिए बेहतर कार्य कर रही पिंकी देवी, पुष्पा देवी, नितु देवी, तुलसी देवी, हेमन्ती देवी, रेणुका देवी, सुनीता देवी, ललिता कुमारी, तारा देवी, मीना देवी, सुशीला हेम्ब्रम, किरण देवी, सहित तीस महिलाओं को मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम में छोटी-छोटी बच्चियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया..मौके पर, मो. मुस्तकीम, पुर्व पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, अनवर अंसारी, भुनेश्वर महतो, बाबुलाल नायक, चंदन कुमार, आशीष मिश्रा, अरुण कुमार, पिंकी देवी, पुष्पा देवी, सरिता मिश्रा, सुहागीनी, कुमारी प्रिती, मनीषा कुमारी, मीना देवी, रीता देवी, आरती देवी, सीता देवी, सुमन देवी आदि मौजूद थे.

कार्यक्रम को संबोधित करतीं मुख्य अतिथि, मंचासीन लोग व कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं. फोटो।प्रभात खबर

## कथारा में भी हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**कथारा.** कथारा दो नंबर कॉलोनी में महिला समिति ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सोमवार को मनाया गया . इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ . शुरुआत महिलाओं ने केक काटकर की . समिति की वक्ताओं ने कहा कि हमारा समाज तभी उच्च शिखर पर जा सकता है जब हम हर महिला का सम्मान करें . अध्यक्षता रोजी लुईस व संचालन मृदुला कांत ने किया . मौके पर रश्मि सिंह, आरती देवी, अपर्णा देवी, सुषमा देवी, ज्योति देवी, चंद्रावती देवी, सरिता देवी, लीला देवी, श्रुति देवी, रीता देवी आदि थीं .

## गांधीनगरः कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

**गांधीनगर.** उत्कल समाज महिला सशक्तिकरण समिति के प्रधान कार्यालय चार नंबर में महिला कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया . जिला अध्यक्ष अजंता सामद, पम्मी सिंह व बेरमो प्रखंड सचिव भारती सेनापति मौजूद थीं . कार्यक्रम के बाद एप्सटीन फाइल में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम शामिल होने और कथित आरोपों को लेकर इस्तीफे की मांग की . साथ ही एलपीजी गैस समेत महंगाई को लेकर कैंडल मार्च निकला . कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष पुष्पा देवी, शोभा सेनापति, उर्मिला बाग, आशा देवी, सुषमा देवी, मेघा देवी, टूपुर देवी, साबित देवी आदि थी .

प्रभात खबर Tuesday, March 10, 2026
Bokaro
https://epaper.prabhatkhabar.com/clip/69af59e7bfa29be00fe07d6a

बासुदेव शर्मा
Secretary
Adarsh Gram Vikas Sewa Samiti
Bokaro (Jharkhand)

# कक्षा आठ तक के छात्र छात्राओं ने सीखा आधुनिक खेती का गुर



खेती से अवगत होने कृषक पाठशाला पहुंचे मंझलीटांड विद्यालय के छात्र छात्राएं • जागरण

संस, जागरण • नावाडीह : उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंझलीटांड के वर्ग छह से आठ तक के विद्यार्थियों ने शनिवार को आधुनिक खेती के बारे में जाना। छात्र-छात्राएं परिभ्रमण योजना के तहत नावाडीह में संचालित कृषक पाठशाला पहुंचे। जहां बच्चों ने नर्सरी का भ्रमण कर बागवानी, मछली पालन, मधुमक्खी पालन आदि की जानकारी ली। साथ ही उत्पादन बढ़ाने को उपयोग किए जाने वाले वार्मिंग कम्पोस्ट बनाने की विधि से अवगत हुए। यहां अजय शर्मा, अरुण कुमार, आशीष मिश्रा ने बच्चों के जिज्ञासा को शांत कराया तथा उनके सवालों का उत्तर भी सरल भाषा में दी। आशीष मिश्रा ने डीप एरिगेशन के अलावा गाय, बकरी, मुर्गी, सुअर आदि पालन करने तथा होने वाले रोग की जानकारी देते हुए सरल उपचार करने की जानकारी दी। आशीष मिश्रा ने बच्चों को बताया कि आधुनिक और ओर्गेनिक खेती से कम समय व जगह पर अधिक पैदावार किया जा सकता है। साथ ही आर्थिक मजबूती को बल मिलता है। प्रधानाध्यापक निरपंत महतो ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के अलावा अन्य क्षेत्रों में पारंगत करने को यह कार्यक्रम आयोजित की गई।

# पुलिस-पब्लिक मैत्री फुटबाल प्रतियोगिता का समापन

सिटी स्पोर्ट्स



शुक्रवार को पिलपिलो में विजेता टीम को सम्मानित करते उपायुक्त अजयनाथ झा व एसपी हरविंदर सिंह • जागरण

संस, जागरण • नावाडीह : बोकारो पुलिस एवं आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट कंजकिरो पंचायत स्थित तारकेश्वर महतो ग्रामीण स्टेडियम, पिलपिलो में आयोजित तीन दिवसीय पुलिस-पब्लिक मैत्री सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार तथा सीआरपीएफ कमांडेंट सुनील दत्त त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारंभ कराया।

फाइनल मुकाबले में डेलियाआम, सारुबेड़ा ने सहरिया को 3-0 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। बालिकाओं का प्रदर्शनी मैच बोकारो और गिरिडीह के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमें बराबरी पर रहीं और संयुक्त रूप से सम्मानित की गईं। महिलाओं के प्रदर्शनी मैच में नारी शक्ति महिला टीम ने एकता महिला टीम को 2-0 से हराया। विजेता और उपविजेता टीमों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, नावाडीह की छात्राओं ने आकर्षक बैंड प्रस्तुति दी। उपायुक्त अजय नाथ झा ने स्टेडियम में सोलर लाइट लगाने की घोषणा की। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने युवाओं को नशामुक्त और अपराधमुक्त समाज की ओर प्रेरित करने पर बल दिया। मौके पर सीआरपीएफ ने निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया। समारोह में बेरमो एसडीओ मुकेश मछुवा, एसडीपीओ बीएन सिंह, डीएसपी नवल किशोर सिंह, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम और थाना प्रभारी नीतीश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# नावाडीह में आदर्श वृद्धा आश्रम का उद्घाटन



नावाडीह में वृद्धा आश्रम का उद्घाटन करती पूर्व मंत्री बेबी देवी व अन्य • जागरण

संस, जागरण • नावाडीह : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति ने नावाडीह में आदर्श वृद्धा आश्रम का उद्घाटन किया। सोमवार को इसका फीता काटकर और नारियल फोड़कर बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष और पूर्व मंत्री बेबी देवी, प्रखंड प्रमुख पूनम देवी, जिप सदस्य फुलमती देवी और मुखिया किरण देवी ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

पूर्व मंत्री बेबी देवी ने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश में संयुक्त परिवार व्यवस्था कमजोर हुई है। जिससे कई बुजुर्ग उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में वृद्धा आश्रम बुजुर्गों के लिए संजीवनी का काम करेगा। प्रखंड प्रमुख पूनम देवी ने बुजुर्गों को समाज की नींव बताते हुए कहा कि उनका अनुभव आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाता है। जिप सदस्य फुलमती देवी ने आश्रम को सुरक्षित आश्रय करार दिया और कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों को जनसहयोग से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। मुखिया किरण देवी ने भी पंचायत स्तर से सहयोग की बात कही।

समिति के सचिव वासुदेव शर्मा ने बताया कि आश्रम में 60 वर्ष से अधिक आयु के असहाय बुजुर्गों के लिए आवास, भोजन, स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता और देखभाल की व्यवस्था की गई है। उद्घाटन समारोह में पूर्व पंसस किरण देवी, सुरेश शर्मा, राजकुमार ठाकुर, कैलाश ठाकुर, ईश्वर लाल शर्मा, उमेश कुमार, संजय सिंह, अनवर अंसारी आदि थे।




## THANKS

SBI
ADARSH GRAM VIKAS SEWA SAMITI
SCAN & PAY
UPI ID: agvssbokaro@sbi

Scan QR Code for Donation

Secretary
Adarsh Gram Vikas Sewa Samiti
Bokaro (Jharkhand)

**ADARSH GRAM VIKAS SEWA SAMITI**
**Contact No :- 9430104148, Email id :- agvssbok@gmail.com, Website :- https://agvssbok.org/**
**Adress :- Vill+PO+PS – Nawadih, Dist :- Bokaro, Jharkhand - 829144**